# भूगोल / GEOGRAPHY

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

# 2022

निर्धारित समय : तीन घंटे
Time Allowed : Three Hours

अधिकतम अंक : 250
Maximum Marks : 250

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

*कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :*

इसमें आठ प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम एक प्रश्न चुनकर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तर को उपयुक्त चित्रों / मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाएँ । इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

raadheythevisiion.in

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Illustrate your answers with suitable sketches / maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*



RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** (a) आपको दिए गए भारत के रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित सभी की स्थिति को अंकित कीजिए । अपनी क्यू.सी.ए. पुस्तिका में इन स्थानों में से प्रत्येक का भौतिक / वाणिज्यिक / आर्थिक / पारिस्थितिक / पर्यावरणीय / सांस्कृतिक महत्त्व अधिकतम 30 शब्दों में लिखिए :

On the outline map of India provided to you, mark the location of all of the following. Write in your QCA Booklet the significance of these locations, whether physical / commercial / economic / ecological / environmental / cultural, in no more than 30 words for each entry : *2×10=20*

(i) तरंगमबाड़ी
Tarangambadi

(ii) माहे
Mahe

(iii) बोमडिला
Bomdila

(iv) ढोला सदिया पुल
Dhola Sadiya Bridge

(v) तला-कावेरी
Talakaveri

(vi) सतकोसिया
Satkosia

(vii) ढोलावीरा
Dholavira

(viii) सोनामर्ग
Sonamarg

(ix) मलिकू एटॉल
Maliku Atoll

(x) गंगासागर
Gangasagar




raadheythevisiion.in

RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

# INDIA

## WITH AFGHANISTAN, BANGLADESH, BHUTAN, NEPAL, MYANMAR (BURMA), PAKISTAN AND SRI LANKA




raadheythevisiion.in



RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

(b) दिल्ली एन.सी.आर. क्षेत्र में चरम कणिकीय प्रदूषण एक लाइलाज विषय क्यों बना हुआ है ?
Why has extreme particulate pollution remained a festering issue in Delhi NCR region ? 10

(c) भारत की भौम्याकृति तथा जलवायु देश की जैव-विविधता की व्याख्या कैसे करती है ?
How do physiography and climate of India explain the biological diversity of the country ? 10

(d) मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया मृदा जल-शुष्कन तथा मृदा ह्रास को प्रेरित करती है । स्पष्ट कीजिए ।
The process of desertification leads to soil desiccation and soil loss. Explain. 10

**Q2.** (a) भारत में दक्षिण-पश्चिमी मानसून प्रणाली की अनिश्चितता को प्रभावित करने वाले कारकों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।
Critically examine the factors affecting the unpredictability of South-West Monsoon system in India. 20

(b) भारत की प्रायद्वीपीय स्थिति ग़ैर-पारम्परिक ऊर्जा संसाधनों के दोहन के लिए अवसर प्रदान करती है । उदाहरण सहित विवेचना कीजिए ।
The peninsular location of India provides scope for harnessing non-conventional energy resources. Discuss with examples. 15

(c) भारत के तीव्र विस्तारित नगरीय परिदृश्य में भूजल-संदूषण एक प्रमुख जन-स्वास्थ्य समस्या बनता प्रतीत होता है । विवेचना कीजिए ।
Groundwater contamination in the fast expanding urban landscape of India appears to have become a major public health issue. Discuss. 15

**Q3.** (a) भारत में कृषि क्षेत्र में संस्थागत तंत्रों में लाए गए अभिनव परिवर्तनों की विवेचना कीजिए । देश की कृषि अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए ।
Discuss the recent changes brought about in institutional frameworks of agriculture in India. Evaluate its impact on the agrarian economy of the country. 20

(b) भारत के उत्तरी-पश्चिमी नदी-बहाव के राज्यों में जल-विभाजन पर होने वाले निरंतर विवाद की विवेचना कीजिए ।
Discuss the continuing disputes on water sharing between the riparian states of North-West India. 15

(c) भारत की मृदा, संरचना तथा प्रक्रमों का स्पष्ट प्रतिबिम्ब हैं । टिप्पणी कीजिए ।
Soils of India, are clear reflections of the structure and process. Comment. 15



RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009
raadheythevisiion.in

**Q4.** (a) भारत की भूगर्भिक संरचना समृद्ध खनिज संसाधन प्रदान कराती है । उपर्युक्त कथन को भारत के बृहद् खनिज क्षेत्रों से सहसम्बन्धित कीजिए ।

India is bestowed with rich mineral resources due to its geological structure. Correlate the above statement with large mineral belts of India. *20*

(b) भारत के सूखा-प्रवण क्षेत्रों में 'शुष्क-भूमि' कृषि के महत्त्व की विवेचना कीजिए ।

Discuss the importance of 'Dry-land' farming in the drought-prone regions of India. *15*

(c) हाल के समय में चरम अतिवृष्टि तथा आकस्मिक बाढ़ की घटनाएँ देश के निचले क्षेत्रों तथा बाढ़ मैदान में रहने वाले लोगों के लिए विनाशकारी परिणाम प्रस्तुत करती हैं । विवेचना कीजिए ।

Incidence of extreme rainfall events and flash floods in recent times have led to devastating consequences for people living in low-lying areas and flood plains of the country. Discuss. *15*

raadheythevisiion.in



RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) भारत में स्थानीय वन-जीवी समुदायों पर वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रभाव की विवेचना कीजिए ।
Discuss the impact of Forest Rights Act, 2006 on the local forest communities in India. *10*

(b) क्या पंचायत राज संस्थान भारत में आधारभूत स्तर पर नियोजन में एक भूमिका निभा सकते हैं ? यदि हाँ तो कैसे, विवेचना कीजिए ।
Can the Panchayat Raj institutions play a role in grassroot level planning in India ? If yes, discuss how. *10*

(c) देश के बाह्य व्यापार में भारत के पश्चिमी तट पर स्थित नवीन बन्दरगाहों के महत्त्व की विवेचना कीजिए ।
Discuss the significance of new ports on the Western Coast of India on the external trade of the country. *10*

(d) भारत के अनेक राज्यों में प्रतिस्थापन स्तर से नीचे के कुल प्रजनन दर (TFR) में पतन भविष्य में कैसे देश की जनसंख्या संरचना को प्रभावित कर सकता है ?
How would decline in Total Fertility Rate (TFR) below the replacement level, in many states of India affect the future population structure of the country ? *10*

(e) कालापानी विवाद से भारत-नेपाल की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर एक नया मोर्चा खुल गया है । स्पष्ट कीजिए ।
Kalapani dispute has opened a new front on the India-Nepal international border. Explain. *10*

**Q6.** (a) भारत जैसे बृहद् देशों में प्रदेशों में विकास तथा आय में असमानता क्यों पाई जाती है ? अभिनव ए.डी.पी. योजना इस विषय का निदान किस प्रकार करती है ?
Why do disparities in development and incomes between regions persist in large countries like India ? How does the recent ADP plan address the issue ? *20*

(b) भारतीय उपग्रह नेविगेशन प्रणाली में आई.आर.एन.एस.एस.-नाविक योजना की भूमिका का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।
Critically examine the role of IRNSS-NavIC programme on the satellite navigation system of India. *15*



RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009
raadheythevisiion.in

(c) भारतीय मलिन बस्तियों में अत्यधिक जनसंख्या संकेन्द्रण की भूमिका का परीक्षण कीजिए जो उन्हें कोविड-19 जैसी महामारी के समय अधिक सुभेद्य बनाती है ।

Examine the role of high population concentration in Indian slums in making them more vulnerable during pandemic conditions like the COVID-19. *15*

**Q7.** (a) पश्चिमी भारत के औद्योगिक संकुलों की मुख्य विशेषताओं की विवेचना कीजिए । इस क्षेत्र पर एस.ई.जेड. नीति के प्रभाव का परीक्षण कीजिए ।

Discuss the salient characteristics of industrial complexes of Western India. Examine the impact of SEZ policy on the region. *20*

(b) भारत में भाषायी क्षेत्रों तथा राज्यों के उद्भव की विवेचना कीजिए ।

Discuss the emergence of linguistic regions and states in India. *15*

(c) देश के प्रमुख नगरों के सीमान्त पर शहरी फैलाव के प्रेरक क्या हैं ? परिवहन परियोजनाओं में नए निवेश ने कैसे शहरी फैलाव को समर्थन प्रदान किया है ?

What are the drivers of urban sprawl around the major cities of the country ? How have new investments in transport projects supported sprawl development ? *15*

**Q8.** (a) भारत में बृहद्-कृषि प्रादेशीकरण में कृषि-जलवायु तथा भूमि क्षमता के सूचकांक कैसे सहायक होते हैं ? उपयुक्त मानचित्र सहित स्पष्ट कीजिए ।

How do agro-climatic and land capability indicators assist in macro-agricultural regionalisation of India ? Illustrate with an appropriate map. *20*

(b) हिन्द-प्रशान्त परिमण्डल में क्षेत्र के समुद्री व्यापार के संदर्भ में क्वॉड के भू-राजनीतिक महत्त्व की विवेचना कीजिए ।

Discuss the geopolitical significance of Quad in the Indo-Pacific realm with reference to marine trade in the region. *15*

(c) भारत के ग़रीबों को खाद्य उपलब्ध कराने में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए ।

Evaluate the role of the National Food Security Act, 2013 in providing access of food to the poor in India. *15*



raadheythevisiion.in

RaadheytheVisiion || Contact us: - +919625757536; +918889907405
mailto:mentorship@raadheythevisiion.in raadheythevisiion.in
Mukherjee Nagar, North West, Delhi-110009